तुरंत जारी करने हेतु

(प्रेस विज्ञप्ति सं. 45/2019)

प्रेस के लिए सूचना नोट

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली, 24 जून, 2019

(www.trai.gov.in)

30 अप्रैल, 2019 को समाप्त मासिक अवधि के अनुसार दूरसंचार उपभोक्ता डाटा से संबंधित मुख्य झलकियां

विवरण	वायरलैस	वायरलाइन	कुल (वायरलैस + वायरलाइन)
टेलीफोन उपभोक्ताओं की कुल संख्या (मिलियन में)	**1162.30**	**21.47**	**1183.77**
अप्रैल, 2019 में जुड़े निबल नए उपभोक्ता (मिलियन में)	0.49	-0.22	0.26
मासिक वृद्धि दर	0.04%	-1.03%	0.02%
शहरी टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)	**652.35**	**18.52**	**670.86**
अप्रैल, 2019 में जुड़े निबल नए उपभोक्ता (मिलियन में)	1.86	-0.16	1.71
मासिक वृद्धि दर	0.29%	-0.84%	0.25%
ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)	**509.95**	**2.96**	**512.91**
अप्रैल, 2019 में जुड़े निबल नए उपभोक्ता (मिलियन में)	-1.38	-0.07	-1.44
मासिक वृद्धि दर	-0.27%	-2.25%	-0.28%
समग्र दूरसंचार–घनत्व *	**88.42**	**1.63**	**90.05**
शहरी दूरसंचार–घनत्व*	155.71	4.42	160.13
ग्रामीण दूरसंचार–घनत्व*	56.94	0.33	57.27
शहरी उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी	56.13%	86.23%	56.67%
ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी	43.87%	13.77%	43.33%
ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)	**553.54**	**18.41**	**571.95**

- अप्रैल, 2019 के माह में 4.57 मिलियन उपभोक्ताओं ने मोबाइल नम्बर पोर्टिबिलिटी (एमएनपी) हेतु अपने अनुरोध दर्ज करवाए हैं। इसके साथ ही एमएनपी आरंभ होने के तिथि से मार्च, 2019 के अंत तक संचयी एमएनपी अनुरोध 428.40 मिलियन से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत तक 432.97 मिलियन हो गया।

- अप्रैल, 2019 के अंत तक सक्रिय वायरलेस उपभोक्ताओं (अधिकतम वीएलआर# की तिथि पर) की संख्या 999.68 मिलियन थी।

नोट :

– इस प्रेस विज्ञप्ति में उपलब्ध कराई गई जानकारी सेवा प्रदाताओं के द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर आधारित है।

* महापंजीयक तथा भारतीय जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा प्रकाशित किए गए जनगणना के आंकड़ों से लगाए गए जनसंख्या के अनुमान पर आधारित।

\# विजिटर लोकेशन रजिस्टर का संक्षिप्ताक्षर वीएलआर है। विभिन्न टीएसपी हेतु अधिकतम वीएलआर की तिथि, विभिन्न सेवा क्षेत्रों में अलग–अलग है।

I. कुल टेलीफोन उपभोक्ता

- मार्च, 2019 के अंत तक देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 1,183.51 मिलियन से मामूली बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत तक 1,183.77 हो गई जिसमें मासिक ह्रास दर 0.02 प्रतिशत दर्ज की गयी। मार्च, 2019 के अंत तक शहरी उपभोक्ताओं की संख्या 669.16 मिलियन से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत तक 670.86 मिलियन हो गई, जबकि इसी अवधि के दौरान ग्रामीण उपभोक्ताओं की संख्या 514.35 मिलियन से घटकर 512.91 मिलियन हो गई। अप्रैल, 2019 माह के दौरान शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की मासिक वृद्धि दर क्रमशः 0.25 प्रतिशत तथा –0.28 प्रतिशत रही।



- मार्च, 2019 के अंत तक देश में समग्र दूरसंचार घनत्व 90.11 से घटकर अप्रैल, 2019 के अंत तक 90.05 हो गया। शहरी दूरसंचार घनत्व मार्च, 2019 के अंत तक 159.96 से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत तक 160.13 हो गया, जबकि ग्रामीण दूरसंचार घनत्व मार्च, 2019 के अंत तक 57.47 से घटकर अप्रैल, 2019 के अंत तक 57.27 हो गया। मार्च, 2019 के अंत तक शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी कुल टेलिफोन उपभोक्ताओं की संख्या में क्रमशः 56.67 प्रतिशत तथा 43.33 प्रतिशत थी।

दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार समग्र दूरसंचार–घनत्व (सेवाक्षेत्र/राज्यवार)



- अप्रैल, 2019 के अंत में दिल्ली सेवा क्षेत्र में अधिकतम टेलि–घनत्व 239.54 रहा जबकि इसी दौरान बिहार सेवा क्षेत्र में न्यूनतम टेलि–घनत्व 60.12 रहा।

नोट :

1. जनसंख्या आंकड़े/अनुमान केवल राज्यवार ही उपलब्ध हैं।
2. दूरसंचार घनत्व के आंकड़ों को टेलीफोन सेवा प्रदाताओं के द्वारा उपलब्ध कराए गए उपभोक्ताओं की संख्या के आंकड़ों तथा भारत के महापंजीयक तथा जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा प्रकाशित जनसंख्या के अनुमानों के आधार पर गणना की गई है।
3. दिल्ली के लिए टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या के आंकड़ों में दिल्ली राज्य के आंकड़ों के अलावा, गाजियाबाद, और नोएडा (उत्तर प्रदेश में स्थित) तथा गुड़गांव और फरीदाबाद (हरियाणा में स्थित) के स्थानीय एक्सचेजों के दायरे में आने वाले क्षेत्रों हेतु वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या के आंकड़े शामिल हैं।
4. पश्चिम बंगाल में कोलकाता, महाराष्ट्र में मुंबई, तमिलनाडू में चेन्नई तथा उत्तर प्रदेश में उ0प्र0(पूर्व) एवं उ0प्र0(पश्चिम) सेवा क्षेत्रों की सूचनायें शामिल है।
5. ऑघ्र प्रदेश में तेलंगाना, बिहार में झारखंड, मध्य प्रदेश में छत्तीशगढ़, महाराष्ट्र में गोवा, उत्तर प्रदेश में उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल में सिक्किम तथा उत्तर–पूर्व में अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजारम, नागालैंड एवं त्रिपुरा राज्यों को शामिल किया गया है।

II. श्रेणीवार वृद्धि

अप्रैल, 2019 माह में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में सेवा क्षेत्र श्रेणीवार जोड़े गए निबल नए उपभोक्ता

सेवा क्षेत्र श्रेणी	अप्रैल, 2019 के माह में जोड़े गए निबल नए उपभोक्ता		दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार उपभोक्ताओं की संख्या	
	वायरलाइन	वायरलेस	वायरलाइन	वायरलेस
श्रेणी – क	-153,665	-1,497,571	8,391,485	398,167,255
श्रेणी – ख	-59,638	1,427,753	5,303,331	472,503,605
श्रेणी – ग	-8,681	178,408	891,906	174,760,473
महानगर	-2,339	378,117	6,885,291	116,866,943
अखिल भारतीय	**-224,323**	**486,707**	**21,472,013**	**1,162,298,276**

अप्रैल, 2019 माह में सेवा क्षेत्र श्रेणीवार टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक एवं वार्षिक प्रतिशत वृद्धि दर

सेवा क्षेत्र श्रेणी	मासिक वृद्धि दर (प्रतिशत में) (मार्च, 2019 से अप्रैल, 2019 तक)		वार्षिक वृद्धि दर (प्रतिशत में) (अप्रैल, 2018 से अप्रैल, 2019 तक)	
	वायरलाइन	वायरलेस	वायरलाइन	वायरलेस
श्रेणी – क	-1.80	-0.37	-5.98	0.88
श्रेणी – ख	-1.11	0.30	-7.40	3.39
श्रेणी – ग	-0.96	0.10	-13.38	6.16
महानगर	-0.03	0.32	-1.06	7.45
अखिल भारतीय	**-1.03**	**0.04**	**-5.17**	**3.31**

नोट : सेवाक्षेत्र श्रेणी महानगर में दिल्ली, मुंबई और कोलकाता शामिल हैं। चेन्नई के आंकड़ों को तमिलनाडु के भाग के रूप में सेवाक्षेत्र श्रेणी 'क' में सम्मिलित किया गया है।

- जैसा कि उपर्युक्त तालिकाओं में देखा जा सकता है कि अप्रैल, 2019 माह के दौरान वायरलेस क्षेत्र में श्रेणी–क के सेवा क्षेत्रों में निबल उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक निबल कमी दर्ज की गई है। अन्य सभी श्रेणियों में वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में निबल वृद्धि हुई है। हालांकि वार्षिक आधार पर सभी श्रेणियों के सेवा क्षेत्रों में वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में निबल वृद्धि दर्ज की गई है।

- वायरलाइन क्षेत्र में, अप्रैल, 2019 माह के दौरान सभी श्रेणियों में मासिक तथा वार्षिक दोनों आधार पर उपभोक्ताओं की संख्या में निबल कमी दर्ज की गई है।

III. वायरलेस टेलीफोन उपभोक्ता

- मार्च, 2019 के अंत तक कुल वायरलेस टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या 1,161.81 मिलियन से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत तक 1,162.30 मिलियन हो गई तथा मासिक वृद्धि दर 0.04 प्रतिशत दर्ज की गई। शहरी क्षेत्रों में वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2019 के अंत तक 650.49 मिलियन से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत तक 652.35 मिलियन हो गई, जबकि इसी अवधि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या 511.32 मिलियन से घटकर 509.95 मिलियन हो गई। इस माह के दौरान शहरी और ग्रामीण वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में मासिक वृद्धि दर क्रमशः 0.29 प्रतिशत तथा –0.27 प्रतिशत रही।





- मार्च, 2019 के अंत तक वायरलेस दूरसंचार घनत्व 88.46 से घटकर अप्रैल, 2019 के अंत तक 88.42 हो गया। शहरी क्षेत्रों में मार्च, 2019 के अंत में वायरलेस दूरसंचार घनत्व 155.49 से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत में 155.71 हो गया, जबकि इसी दौरान ग्रामीण वायरलेस दूरसंचार घनत्व 57.13 से घटकर 56.94 हो गया। अप्रैल, 2019 के अंत तक शहरी तथा ग्रामीण वायरलेस उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी कुल वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में क्रमशः 56.13 प्रतिशत तथा 43.87 प्रतिशत थी। वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या का विस्तृत आंकड़ा अनुलग्नक–I में उपलब्ध हैं।

- दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार, निजी सेवा प्रदाताओं के पास वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या का 89.73 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी जबकि दो सार्वजनिक क्षेत्रों के टेलिफोन सेवा प्रदाताओं नामतः बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के पास केवल 10.27 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी।

- वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में बाजार हिस्सेदारी तथा वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में निवल नए ग्राहकों के शामिल होने को रेखाचित्र के रूप में नीचे प्रदर्शित किया गया है:–

दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार एक्सेस सेवा प्रदातावार वायरलेस उपभोक्ता आधार की बाजार हिस्सेदारी



अप्रैल, 2019 के माह के दौरान टेलीफोन सेवा प्रदाताओं के वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में जोड़े गए निबल नए उपभोक्ता



नोट – 1. ऐसा संज्ञान में आया कि कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के द्वारा निष्क्रिय उपभोक्ताओं की संख्याओं को घटाकर शेष उपभोक्ताओं की संख्याओं को रिपोर्ट किया जाता था। प्राधिकरण के द्वारा दिनांक 18.08.2017 को एक निर्देश जारी किया गया है कि सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपने उपभोक्ताओं की संख्या का निर्धारण दूरसंचार विभाग के द्वारा दिये गये नियमों के अनुसार करना है तथा तदनुसार रिपोर्ट करनी है। हालांकि कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने अभी तक इसका अनुपालन नहीं किया है।

2. बीएसएनएल के वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटर ने अक्टूबर, 2018 माह से अपने उपभोक्ताओं की संख्या को रिपोर्ट करना आरंभ किया है जिसे इस रिपोर्ट में मेसर्स बीएसएनसल के उपभोक्ताओं की संख्या में शामिल किया गया है।

IV. सक्रिय वायरलेस उपभोक्ता (वीएलआर आंकड़े)

- अप्रैल, 2019 के माह में अधिकतम वीएलआर की तिथि पर कुल वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या (1,162.30 मिलियन) में से 999.68 मिलियन वायरलेस उपभोक्ता सक्रिय थे। कुल उपभोक्ताओं की संख्या की तुलना में सक्रिय वायरलेस उपभोक्ताओं का अनुपात लगभग 86.01 प्रतिशत था।

- अप्रैल, 2019 के माह में अधिकतम वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलेस उपभोक्ताओं (जिसे वीएलआर उपभोक्ता भी कहा जाता है) के अनुपात के विस्तृत आंकड़े अनुलग्नक–**II** में उपलब्ध हैं तथा वीएलआर उपभोक्ताओं की संख्या की जानकारी प्रदान करने हेतु उपयोग की गई पद्धति अनुलग्नक– **IV** में उपलब्ध है।

अप्रैल, 2019 माह के दौरान का टेलीफोन सेवा प्रदातावार वीएलआर उपभोक्ताओं का अनुपात



- अप्रैल, 2019 माह में भारती एयरटेल का अधिकतम वीएलआर की तिथि में वीएलआर उपभोक्ताओं का अनुपात उसके कुल वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या का 100.69 प्रतिशत है जो कि सभी वायरलेस टेलिफोन सेवा प्रदाताओं में अधिकतम है।

अप्रैल, 2019 माह के दौरान सेवा क्षेत्रवार वीएलआर उपभोक्ताओं का अनुपात



V. वायरलैस उपभोक्ताओं की वृद्धि दर

अप्रैल, 2019 माह के दौरान सेवा–प्रदातावार वायरलेस उपभोक्ताओं आधार में मासिक वृद्धि दर



- अप्रैल, 2019 के दौरान केवल रियालंस जियो एव बीएसएनएल ने ही अपने वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि दर दर्ज किया है। अन्य सभी सेवा प्रदाताओं के वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में निबल कमी दर्ज की गई है।

अप्रैल, 2019 माह के दौरान सेवा–क्षेत्रवार वायरलेस उपभोक्ता आधार में मासिक वृद्धि दर



- अप्रैल, 2019 माह के दौरान 22 सेवा क्षेत्रों में से ग्यारह सेवा क्षेत्रों में वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में निबल वृद्धि दर्ज की गई। असम सेवा क्षेत्र में अधिकतम मासिक निबल वृद्धि दर्ज की गई तथा ओड़ीशा सेवा क्षेत्र में अधिकतम ह्रास दर दर्ज की गई है।

VI. मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी)

- अंतःसेवा–क्षेत्रीय मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) को प्रथमतया दिनांक 25.11.2010 से हरियाणा सेवा क्षेत्र में तथा दिनांक 21.01.2011 से देश के अन्य सभी भागों में लागू किया गया था। दिनांक 03.07.2015 से देश में अंतर्सेवा–क्षेत्रीय एमएनपी लागू किया गया है। अब, वायरलैस टेलीफोन उपभोक्ता एक सेवा क्षेत्र से दूसरे सेवा क्षेत्र में विस्थापित होने पर अपना मोबाइल नम्बर यथावत् रख सकते हैं।

- अप्रैल, 2019 के माह में कुल 4.57 मिलियन टेलीफोन उपभोक्ताओं से एमएनपी के लिए अनुरोध प्राप्त हुए। इन 4.57 मिलियन अनुरोधों में से 2.54 मिलियन अनुरोध जोन–I से तथा 2.03 मिलियन अनुरोध जोन–II से प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही एमएनपी के आरंभ होने के तिथि से, संचयी एमएनपी अनुरोध मार्च, 2019 के अंत तक 428.40 मिलियन से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत तक 432.97 मिलियन हो गया।

- एमएनपी क्षेत्र–I (उत्तरी तथा पश्चिम भारत) में राजस्थान में (लगभग 34.47 मिलियन) सबसे अधिक अनुरोध प्राप्त हुए जिसके बाद महाराष्ट्र में (लगभग 31.59 मिलियन) अनुरोध प्राप्त हुए हैं। एमएनपी क्षेत्र–II (दक्षिण तथा पूर्वी भारत) में सबसे अधिक अनुरोध कर्नाटक में (लगभग 40.15 मिलियन) प्राप्त हुए हैं जिसके बाद आंध्र प्रदेश में (लगभग 36.66 मिलियन) एवं तमिलनाडु में (लगभग 36.62 मिलियन) अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

सेवा क्षेत्र–वार एमएनपी हेतु दर्ज अनुरोध					
जोन–।			जोन–।।		
सेवा क्षेत्र	पोर्टिंग अनुरोधों की संख्या		सेवा क्षेत्र	पोर्टिंग अनुरोधों की संख्या	
	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019		मार्च, 2019	अप्रैल, 2019
दिल्ली	22.02	22.29	आन्ध्र प्रदेश	36.32	36.66
गुजरात	28.43	28.80	असम	3.37	3.40
हरियाणा	15.60	15.78	बिहार	17.05	17.29
हिमाचल प्रदेश	2.08	2.11	कर्नाटक	39.83	40.15
जम्मू और कश्मीर	1.04	1.05	केरल	10.33	10.45
महाराष्ट्र	31.13	31.59	कोलकाता	10.31	10.39
मुंबई	22.04	22.22	मध्य प्रदेश	28.06	28.37
पंजाब	16.43	16.65	उत्तर–पूर्व	1.32	1.33
राजस्थान	34.20	34.47	ओड़ीशा	8.55	8.65
उत्तर प्रदेश–पूर्व	23.49	23.77	तमिलनाडु	36.30	36.62
उत्तर प्रदेश–पश्चिम	18.93	19.18	पश्चिम बंगाल	21.57	21.75
कुल	**215.39**	**217.92**	कुल	**213.02**	**215.05**
कुल (जोन–। + जोन–।।)				**428.40**	**432.97**
जोड़े गए निवल उपभोक्ता (अप्रैल, 2019 माह में)					4.57 मिलियन

VII. वायरलाइन उपभोक्ता

- वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2019 के अंत तक 21.70 मिलियन से और घटकर अप्रैल, 2019 के अंत तक 21.47 मिलियन हो गया। इस माह में 1.03 प्रतिशत की मासिक ह्रास दर के साथ वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में 0.23 मिलियन की निबल कमी हुई। वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या के विस्तृत आंकड़े अनुलग्नक–**III** में उपलब्ध हैं।

- अप्रैल, 2019 के अंत में कुल वायरलाइन उपभोक्ताओं में शहरी तथा ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 86.23 प्रतिशत तथा 13.77 प्रतिशत रही।

- समग्र वायरलाइन दूरसंचार घनत्व मार्च माह के अंत में 1.65 से घटकर अप्रैल माह के अंत में 1.63 हो गया। इसी दौरान शहरी तथा ग्रामीण वायरलाइन दूरसंचार घनत्व क्रमशः 4.42 तथा 0.33 रहा।

- अप्रैल, 2019 के अंत में दोनों सार्वजनिक क्षेत्रों के सेवा प्रदाताओं यथा बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के पास वायरलाइन बाजार की 66.01 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। अप्रैल, 2019 माह में वायरलाइन क्षेत्र में टेलीफोन सेवा प्रदातावार बाजार की हिस्सेदारी तथा वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में जुड़े निवल नये ग्राहकों को नीचे रेखाचित्र में प्रदर्शित किया गया है:–

दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार एक्सेस सेवा प्रदातावार वायरलाइन उपभोक्ता आधार की बाजार हिस्सेदारी



अप्रैल, 2019 माह में टेलीफोन सेवा प्रदाताओं के वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में जोड़े गए/कम हुए निबल नए उपभोक्ता



VIII. ब्रॉडबैंड सेवा (512 केबीपीएस अथवा उससे अधिक डाउनलोड स्पीड)

- 317 सेवा प्रदाताओं से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, मार्च, 2019 के अंत तक ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 563.31 मिलियन से बढ़कर अप्रैल, 2019 के अंत में 571.95 मिलियन हो गई जिसमें मासिक वृद्धि दर 1.53 प्रतिशत रही। श्रेणीवार ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या तथा उनकी मासिक वृद्धि दर नीचे दी गई है:

ब्रॉडबैंड उपभोक्ता आधार तथा उनकी मासिक वृद्धि दर

विवरण	ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)		अप्रैल, 2019 माह में मासिक वृद्धि दर (प्रतिशत)
	दिनांक 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार	दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार	
वायरलाईन ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या	18.42	18.41	-0.04%
मोबाइल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (फोन तथा डॉन्गल)	544.37	552.25	1.45%
फिक्सड वायरलैस ब्रॉडबैंड उपभोक्ता (वाई–फाई, वाई–मैक्स, प्वाईंट–टू –प्वाईंट रेडियो और वीएसएटी)	0.52	1.28*	147.22%*
कुल	**563.31**	**571.95**	**1.53%**

*मेसर्स बीएसएनएल के द्वारा उनके वाई–फाई उपभोक्तओं की संख्या में अत्यधिक बढ़ोतरी रिपोर्ट करने के कारण फिक्स्ड वायरलेस बॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

- अप्रैल, 2019 के अंत तक सबसे बड़े पांच सेवा प्रदाताओं की बाजार हिस्सेदारी कुल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या का 98.67 प्रतिशत रही। ये सेवा प्रदाता रिलायंस जियो (314.81 मिलियन), भारती एयरटेल (115.71 मिलियन), वोडाफोन आइडिया (109.66 मिलियन), बीएसएनएल (22.29 मिलियन) तथा टाटा टेलि. (1.94 मिलियन) थे।

नोट : कुछ वायरलैस सेवा प्रदाता निर्धारित न्यूनतम उपयोग के आधार पर कभी–कभार डाटा सेवा प्राप्त करने वाला डाटा उपयोगकर्ताओं को अपने उपभोक्ताओं की संख्या से पृथक रखते हैं।

- ब्रॉडबैंड सेवाओं की सेवा प्रदातावार बाजार हिस्सेदारी का रेखाचित्रवार प्रदर्शन आगे किया गया है:

दिनांक 30.04.2019 की स्थिति के अनुसार ब्रॉडबैंड (वायरलाईन +वायरलैस) सेवाओं की सेवा प्रदातावार बाजार हिस्सेदारी



- दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार वायरलाईन सेवा प्रदान करने वाले पॉच सबसे बड़े ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं में बीएसएनएल (9.15 मिलियन), भारती एयरटेल (2.38 मिलियन), अत्रिया कन्वर्जेंस टेक्नॉलाजी (1.43 मिलियन), हाथवे केबल एंड डाटाकॉम प्रा0 लि0 (0.82 मिलियन) तथा एमटीएनएल (0.75 मिलियन) थे।

- दिनांक 30 अप्रैल, 2019 की स्थिति के अनुसार पॉच सबसे बड़े वायरलेस ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं में रिलायंस जियो (314.81 मिलियन), भारती एयरटेल (113.33 मिलियन), वोडाफोन आइडिया (109.64 मिलियन), बीएसएनएल (12.39 मिलियन) तथा टाटा टेलि. (1.54 मिलियन) थे।

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें

श्री एस. के. मिश्रा, प्रधान सलाहकार (एफएंडईए),
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग,
नई दिल्ली–110002
फोन–011–23221856
फैक्स–011–23235249
ई–मेलः skmishra.trai@nic.in

जारी करने के लिए प्राधिकृतः

(एस. के. मिश्रा)
प्रधान सलाहकार (एफएंडईए)

वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या

अनुलग्नक–1

सेवा क्षेत्र	सेवा प्रदाता समूह																	
	भारती एयरटेल		रिलायन्स कम्यु.		वोडाफोन आइडिया		टाटा टेलि.		बीएसएनएल		बीएसएनएल (वीएनओ)		एमटीएनएल		रिलायंस जियो		कुल	
	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019
आन्ध्र प्रदेश	28220681	27914445	1923	1972	22283084	22161387	1484357	1227200	10171597	10118284					24568739	25171351	**86730381**	**86594639**
असम	8188605	8201974			5993877	6046923			2560859	2582631					6223002	6481873	**22966343**	**23313401**
बिहार	36979492	36721898	192	200	20887026	20781172	246948	184616	4566337	4633007					22399889	23086893	**85079884**	**85407786**
दिल्ली	15644514	15581569	2623	2607	18983299	19107339	20	20					2213046	2210039	15294371	15579974	**52137873**	**52481548**
गुजरात	11527108	10821678	490	527	31642967	31284128	687200	519111	5958786	6009622					19482308	20049640	**69298859**	**68684706**
हरियाणा	3937921	3896359	167	178	10605018	10487533	707059	587728	4928753	4981533					7541842	7666193	**27720760**	**27619524**
हिमाचल प्रदेश	3395637	3361382	72	72	1409059	1361751	2774	1656	2822517	2834960					2888273	2918781	**10518332**	**10478602**
जम्मू और कश्मीर	5462946	5478133			1242344	1165415			1242060	1249063					3387436	3457077	**11334786**	**11349688**
कर्नाटक	26776908	26645100	1761	1661	14931069	14417806	2751604	2294198	7197784	7211769					16584577	16976241	**68243703**	**67546775**
केरल	5249759	5228877	379	422	20249640	20369326	252872	195602	10890618	10902439					7313052	7405656	**43956320**	**44102322**
कोलकाता	6150183	6059090	34	34	9085628	9060302	921787	791070	1571580	1606178					8608156	8813745	**26337368**	**26330419**
मध्य प्रदेश	14820329	14498545	727	770	29061279	29179554	1621001	1294597	6181330	6231475					23113410	23944406	**74798076**	**75149347**
महाराष्ट्र	15217675	15003149	728	771	45872515	45804705	1311424	1007033	7204097	7125266					23418625	24086190	**93025064**	**93027114**
मुंबई	8966426	8964447	5070	4655	15224742	15170441	658572	508301					1240177	1239014	11918598	12168118	**38013585**	**38054976**
उत्तर–पूर्व	5192375	5197244			2375119	2346612			1601944	1447884					2818913	2872294	**11988351**	**11864034**
ओड़ीशा	12178352	12052339	138	164	5161435	4729841	427153	321789	5747860	5759960					9179431	9482869	**32694369**	**32346962**
पंजाब	10087180	10015114	219	237	10916410	10949382	756145	632993	5452464	5471567					12028763	12164398	**39241181**	**39233691**
राजस्थान	21816582	21659845	347	382	16662225	16680859	90625	64226	5907492	6031050					19754424	20262327	**64231695**	**64698689**
तमिलनाडु (चेन्नई सहित)	25206041	25016389	2829	2875	24207464	24113829	1189091	996952	12051558	12092199	77989	81890			19631847	20009887	**82366819**	**82314021**
उत्तर प्रदेश (पूर्व)	30403507	30270286	732	761	33836712	34184906	1529282	1254004	11844571	11804646					21384985	22128624	**98999789**	**99643227**
उत्तर प्रदेश (पश्चिम)	12722363	12539643	62	62	28936225	29006671	1189200	1004709	5942389	5933682					15795454	16182369	**64585693**	**64667136**
पश्चिम बंगाल	17036682	16764226	497	532	25269876	24844989	26562	15662	1819980	1865947					13388741	13898313	**57542338**	**57389669**
कुल	**325181266**	**321891732**	**18990**	**18882**	**394837013**	**393254871**	**15853676**	**12901467**	**115664576**	**115893162**	**77989**	**81890**	**3453223**	**3449053**	**306724836**	**314807219**	**1161811569**	**1162298276**
जुड़े नए उपभोक्ताओं की निबल संख्या		-3289534		-108		-1582142		-2952209		228586		3901		-4170		8082383		**486707**
ग्रामीण उपभोक्ताओं की संख्या	*149144364*	*146311827*	*0*	*0*	*207146349*	*205210477*	*2077600*	*1553076*	*36589621*	*36640185*	*0*	*0*	*46253*	*46190*	*116320687*	*120187631*	**511324874**	**509949386**

अनुलग्नक–**II**

अप्रैल, 2019 के माह के दौरान अधिकतम वीएलआर की तिथि को वीएलआर का अनुपात (प्रतिशत में)

सेवा क्षेत्र	भारती	बीएसएनएल	वोडाफोन आइडिया	एमटीएनएल	रिलायन्स कम्यु.	रिलायन्स जियो	टाटा टेलि.	कुल
आन्ध्र प्रदेश	105.72	66.49	96.18		71.30	82.65	0.82	**90.50**
असम	99.93	59.99	76.87			97.58		**88.87**
बिहार	96.42	62.22	92.06		54.00	96.96	0.03	**93.44**
दिल्ली	90.25		84.99	25.89	97.89	75.10	-	**81.12**
गुजरात	101.14	50.55	90.19		38.33	74.94	0.01	**83.32**
हरियाणा	118.56	36.82	87.13		49.44	67.02	0.51	**75.06**
हिमाचल प्रदेश	96.34	42.59	82.20		59.72	74.07	-	**73.74**
जम्मू और कश्मीर	96.02	65.94	79.78		-	79.15		**85.91**
कर्नाटक	102.51	61.68	90.19		98.86	82.10	0.47	**86.93**
केरल	98.92	64.89	89.84		48.58	69.96	5.54	**81.04**
कोलकाता	104.22	58.11	85.13		97.06	79.30	0.00	**83.37**
मध्य प्रदेश	105.31	54.36	85.20		54.55	91.87	0.23	**87.18**
महाराष्ट्र	105.35	57.90	91.06		75.10	91.42	0.32	**89.94**
मुंबई	79.56		74.39	47.62	73.53	77.85	-	**74.85**
उत्तर–पूर्व	97.06	83.04	77.57		-	96.42		**91.34**
ओड़ीशा	99.62	73.76	87.89		39.63	92.13	0.40	**90.12**
पंजाब	102.21	47.57	81.21		41.35	70.56	0.08	**77.27**
राजस्थान	98.49	48.10	87.38		46.60	82.54	0.47	**85.83**
तमिलनाडु (चेन्नई सहित)	97.64	71.26	88.91		70.37	77.43	0.88	**85.10**
उत्तर (प्रदेश–पूर्व)	107.14	42.58	84.19		50.33	91.51	0.20	**86.80**
उत्तर प्रदेश (पश्चिम)	110.49	45.51	82.27		59.68	81.89	0.16	**83.00**
पश्चिम बंगाल	98.71	91.84	84.97		43.61	95.58	0.86	**91.76**
कुल	**100.69**	**57.86**	**87.03**	**33.70**	**72.65**	**84.17**	**0.43**	**86.01**

नोट : इनरोमर्स की बड़ी संख्या के कारण कुछ सेवा प्रदाताओं के कुछ सेवा क्षेत्रों में अधिकतम वीएलआर आंकड़े, एचएलआर आकड़ों से अधिक हैं।

वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या

अनुलग्नक–**III**

सेवा क्षेत्र	सेवा प्रदाता समूह														कुल संख्या	
	बीएसएनएल		एमटीएनएल		भारती		रिलायन्स कम्यु.		टाटा		क्वाडेंट		वोडाफोन			
	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019	मार्च, 2019	अप्रैल, 2019
आन्ध्र प्रदेश	960344	929792			199419	203118	47011	46096	173298	172516			59790	59640	**1439862**	**1411162**
असम	111518	109943											2850	2940	**114368**	**112883**
बिहार	215515	211802					3234	3192	8369	8409			1740	1740	**228858**	**225143**
दिल्ली			1481900	1477034	1443935	1467120	119290	113333	155756	154607			55670	55630	**3256551**	**3267724**
गुजरात	1009423	943710			91049	92120	19608	18284	87465	88362			27803	28841	**1235348**	**1171317**
हरियाणा	209003	206246			23203	23268	2701	2576	35083	34910			210	210	**270200**	**267210**
हिमाचल प्रदेश	110078	108653					2795	2751	1789	1855			60	60	**114722**	**113319**
जम्मू और कश्मीर	102447	102985													**102447**	**102985**
कर्नाटक	1021570	1003824			683367	687156	132910	126259	272238	270204			44497	46737	**2154582**	**2134180**
केरल	1783570	1776179			61265	61642	16836	16654	18915	18849			3450	3630	**1884036**	**1876954**
कोलकाता	479590	474913			129470	130290	39406	39024	53116	53047			8900	8900	**710482**	**706174**
मध्य प्रदेश	650594	648103			243345	243764	10478	9995	14571	14205			1050	1080	**920038**	**917147**
महाराष्ट्र	1084062	1064015			94489	96170	46613	46291	278280	276485			20274	23154	**1523718**	**1506115**
मुंबई			1761740	1757249	370665	372867	173263	167767	559627	557517			55302	55993	**2920597**	**2911393**
उत्तर–पूर्व	103881	103253											270	270	**104151**	**103523**
ओड़ीषा	223052	220573					2490	2465	8219	8705			2280	2310	**236041**	**234053**
पंजाब	394359	387436			132046	133490	11361	11355	12326	12306	221854	220534	1680	1590	**773626**	**766711**
राजस्थान	439056	434553			55275	55776	20589	20214	11455	11561			10030	11760	**536405**	**533864**
तमिलनाडु (चेन्नई सहित)	1423913	1405130			556766	554556	70448	68122	120153	120523			20360	20380	**2191640**	**2168711**
उत्तर (प्रदेश–पूर्व)	357470	341373			66160	65452	6327	6009	8233	8365			12020	12110	**450210**	**433309**
उत्तर प्रदेश (पष्चिम)	265817	261505			23671	24022	3381	3294	4820	4780			4170	4260	**301859**	**297861**
पश्चिम बंगाल	222417	206095					1688	1686	2370	2374			120	120	**226595**	**210275**
कुल	**11167679**	**10940083**	**3243640**	**3234283**	**4174125**	**4210811**	**730429**	**705367**	**1826083**	**1819580**	**221854**	**220534**	**332526**	**341355**	**21696336**	**21472013**
जुड़े नए उपभोक्ताओं की निवल संख्या		-227596		-9357		36686		-25062		-6503		-1320		8829		**-224323**
ग्रामीण उपभोक्ताओं की संख्या	2928367	2861339	0	0	0	0	1444	1409	49280	48987	45572	44992	0	0	**3024663**	**2956727**

अनुलग्नक–**IV**

वायरलैस क्षेत्र में वीएलआर उपभोक्ता

होम लोकेशन रजिस्टर (एचएलआर) एक केन्द्रीयकृत डाटाबेस है जिसमें प्रत्येक मोबाइल फोन उपभोक्ताओं की संख्या का ब्योरा अंतर्विष्ट होता है जो कि जीएसएम मुख्य नेटवर्क उपयोग करने के लिए प्राधिकृत है। एचएलआर में सेवा प्रदाता द्वारा जारी प्रत्येक सिम कार्ड का ब्यौरा रखा जाता है। प्रत्येक सिम की एक विशिष्ट पहचान होती है जिसे अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल पहचान (आईएमएसआई) कहते हैं, जोकि प्रत्येक एचएलआर रिकार्ड की प्राथमिक कुंजी होता है। एचएलआर डॉटा को तब तक सुरक्षित रखा जाता है जब तक उपभोक्ता, सेवा प्रदाता के साथ जुड़ा रहता है। एचएलआर प्रशासनिक क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की स्थिति को अद्यतन कर उपभोक्ताओं के अंतरण का भी प्रबंधन करता है। यह विजिटर अवस्थिति रजिस्टर (वीएलआर) उपभोक्ता का डाटा भेजता है।

उपभोक्ताओं की संख्या के बारे में सेवा प्रदाता द्वारा दी गई संख्या, सेवा प्रदाता के एचएलआर में पंजीकृत आईएमएसआई की संख्या तथा नीचे दिए गए अन्य आंकड़ों का जोड़ हैः–

1.	एचएलआर में कुल आईएमएसआई (ए)
2.	घटाः (बी=क+ख+ग+घ+ङ)
क.	जांच/सेवा कार्ड
ख.	कर्मचारी
ग.	हस्तगत स्टॉक/संवितरण चेनल (एक्टिव कार्ड)
घ.	उपभोक्ताओं को बनाए रखने की अवधि की समाप्ति
ङ	कनेक्शन को बंद किए जाने के दौरान सेवा समाप्ति
3.	उपभोक्ताओं की संख्या (ए – बी)

विजिटर लोकेशन रजिस्टर (वीएलआर) उपभोक्ताओं का एक अस्थायी डाटाबेस होता है जिन्होंने किसी सेवा प्रदाता के सेवा क्षेत्र के विशिष्ट क्षेत्र में दौरा (रोम–इन) किया है। नेटवर्क में प्रत्येक बेस स्टेशन को केवल एक वीएलआर द्वारा सेवा प्रदान की जाती है। इसलिए, कोई उपभोक्ता एक समय में एक से अधिक वीएलआर में मौजूद नहीं रह सकता है।

यदि उपभोक्ता सक्रिय अवस्था में है अर्थात् वह कॉल करने/प्राप्त करने/एसएमएस भेजने/प्राप्त करने में सक्षम है, तो वह एचएलआर तथा वीएलआर में उपलब्ध है। तथापि, यह संभव है कि उपभोक्ता ने फोन बंद कर रखा हो अथवा वह कवरेज क्षेत्र से बाहर चला गया हो, पहुंच क्षेत्र से बाहर हो तथा इस कारण वह एचएलआर में पंजीकृत हो तथा वीएलआर में पंजीकृत नहीं हो। ऐसी परिस्थितियों में वह एचएलआर में उपस्थित होगा वीएलआर में नहीं। इससे सेवा प्रदाताओं द्वारा संसूचित उपभोक्ताओं की संख्या तथा वीएलआर में उपलब्ध संख्या के बीच अंतर आ जाता है।

यहां परिकलित वीएलआर डॉटा, जिस विशिष्ट माह के लिए आंकड़ों को संग्रहित किया जा रहा है, उसके लिए अधिकतम वीएलआर की तिथि पर वीएलआर में सक्रिय उपभोक्ताओं के आधार पर परिकलित किया जाता है। यह डाटा ऐसे स्विचों से लिये जाने होते हैं जिनका 72 घंटों से अधिक का 'पर्ज टाइम' (डाटा समाप्ति का समय) न हो।

———————